नवाचार अधिकारियों या कार्यकर्ताओं का व्यवहार

Behaviour Of Innovation Officers or Workers -

नवाचार से सम्बन्धित अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के व्यवहार मे जो बाते पाई जानी चाहिए, उनके सम्बन्ध मे स्मिथ ने निम्न विचार व्यक्त किये है —

1 - अधिकारियों और कार्यकर्ताओ का व्यवहार औपचारिक न होकर अनौपचारिक होना चाहिए।

2 - उनके व्यवहार मे नमनीयता या लचीलापन होना चाहिए

3 - ग्रहणकर्ताओ तथा निचले स्तर के कर्मचारियो के साथ स्नेहपूर्ण व्यवहार होना चाहिए

Scanned with CamScanner

> Date ☐ Mon ☐ Tue ☐ Wed ☐ Thu ☐ Fri ☐ Sat ☐ Sun

4- उन्हे ऐसे नवाचार का चयन करना चाहिए, जिसमे अधिकांश सहभागियों की रुचि हो
5- अधीनस्थ कर्मचारियों को उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य सौंपकर, समय-समय पर उनका निरीक्षण करते रहना चाहिए।
6- अधिकारियों और कार्यकर्ताओ को कोई भी नवाचार या विकल्प चुनते समय इस बात का ध्यान रखा जाये कि वह ग्रहणकर्ताओं के जीवन मूल्यों के अनुरूप हो।
7- ग्रहणकर्ताओ और कर्मचारियों को इस बात की पूरी-पूरी छूट होनी चाहिए कि वे आपस मे स्वतन्त्रतापूर्वक बातचीत कर सके और एक-दूसरे के साथ परामर्श कर सके।
8- उन्हें काम करने वालों में यह विश्वास पैदा करना होगा कि उनके सभी सहकर्मी उनके सहयोगी है।
9- उन्हे नवाचार सम्बन्धी समस्त जानकारी होनी चाहिए ताकि वे सामने आने वाली प्रत्येक समस्या का समाधान कर सके और सफल नेतृत्व के गुण अर्जित कर सकें।
10- काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपने आपको सुरक्षित अनुभव करना चाहिए।
11- उन्हे नवाचार की प्रकृति और स्वरूप का पूरा-पूरा ज्ञान होना चाहिए।

Scanned with CamScanner

> Date

☐ Mon ☐ Tue ☐ Wed ☐ Thu ☐ Fri ☐ Sat ☐ Sun

12- जिस प्रकार के व्यक्तियों पर नवाचार लागू किया जाता है, उन व्यक्तियों की सभी विशेषताओं का ज्ञान उन्हें होना चाहिए।

Scanned with CamScanner

शिक्षण TEACHING

शिक्षण वह प्रक्रिया है जिसमे कोई व्यक्ति दूसरे व्यक्ति या व्यक्ति समूह को कुछ बातों का ज्ञान प्रदान करता है। शिक्षण एक व्यापक प्रक्रिया है जिसके अनुसार शिक्षण का तात्पर्य उस प्रक्रिया से है जिसमे व्यक्ति अपने आस-पास के वातावरण से जन्म से मृत्यु तक कुछ न कुछ सीखता रहता है।

एकतन्त्र में शिक्षण का अर्थ :-
Autocratic

एकतन्त्र प्रणाली में शिक्षक प्रधान होता है। इस प्रकार के शिक्षण में स्मृति स्तर का शिक्षण किया जाता है तथा अनुशासन प्रक्रिया पूरी तरह से शिक्षक के नियन्त्रण में होती है और इस प्रकार के शिक्षण में पढ़ाये गये विषय की जांच पहचान द्वारा किया जाता है।

स्मृति स्तर का शिक्षण प्रतिमान हरबर्ट के द्वारा दिया गया है। स्मृति स्तर का शिक्षण निगमन विधि से की जाती है। शिक्षक सक्रीय होता है तथा इसमे आदेशात्मक शिक्षण प्रणाली है। इसमे अन्त: क्रिया न होकर छात्र केवल अनुगामी होते है।

लोकतन्त्रीय शिक्षण प्रणाली :-
Democratic

इस शिक्षण प्रणाली में छात्र तथा शिक्षक दोनो सक्रीय होते है। इस प्रकार में विषय केन्द्रित शिक्षण होता है। इसमे छात्र स्वअनुशासित होते है एवं छात्रो में स्वतन्त्र अनुशासन होता है। इस प्रकार के प्रणाली में बोध स्तर का शिक्षण किया जाता है। बोध स्तर का शिक्षण ~~किया व~~ प्रतिमान मौरीसन बिग्गी ने दिया है। इसमे छात्रो तथा शिक्षक के बीच अन्त: क्रिया होती है। अत: ~~इस~~ शिक्षण प्रणाली द्विमार्गी होता है।

Scanned with CamScanner

Laissez faire

हस्तक्षेप रहित शिक्षण प्रणाली :— इस प्रकार के

शिक्षण में छात्र में चिन्तन शक्ति, विश्लेषण शक्ति तथा सृजनात्मक का विकास करना मुख्य होता है। यहा पर शिक्षक की भूमिका केवल मार्गदर्शक, निर्देशक तथा सुगमकर्ता की होती है। यह प्रणाली छात्र केन्द्रित प्रणाली है। इसमे छात्र अधिक सक्रीय होते है। इस प्रणाली मे चिन्तन स्तर का शिक्षण होता है। चिन्तन स्तर का प्रतिमान हण्ट के द्वारा दिया गया है।

शिक्षण के प्रकार
Types of teaching

शिक्षण एक सामाजिक प्रक्रिया है। इस पर दार्शनिक, आर्थिक, सामाजिक तथा राजनैतिक विचारधारा का प्रभाव पड़ता है। अतः शिक्षण के अनेक उद्देश्य होते है। शिक्षण का विभाजन भी कई प्रकार से किया जाता है। विभाजन के प्रमुख आधार इस प्रकार है। —

1- शिक्षण के उद्देश्य के आधार पर :-

- ज्ञानात्मक शिक्षण
- बोधात्मक / भावात्मक शिक्षण
- क्रियात्मक / मनोगत्यात्मक शिक्षण

2- शिक्षण के स्तर के आधार पर :

- स्मृति स्तर
- बोध स्तर
- चिन्तन स्तर

Scanned with CamScanner

3 - शासन प्रणाली के आधार पर :-

- एक तान्त्रिक शिक्षण
- लोकतान्त्रिक शिक्षण
- हस्तक्षेप रहित शिक्षण

4 - स्वरूप के आधार पर :-

- वर्णनात्मक शिक्षण (Descriptive teaching)
- निदानात्मक शिक्षण (Dygnostic teaching)
- उपचारात्मक शिक्षण (Remedial teaching)

5 क्रिया के आधार पर :-

- प्रस्तुतीकरण Telling
- प्रदर्शन Showing
- कार्य करना Doing

6 व्यवस्था के आधार पर :-

- औपचारिक शिक्षण
- अनौपचारिक शिक्षण
- निरौपचारिक शिक्षण

Scanned with CamScanner

शिक्षण के चर अथवा आधारभूत तत्व :

शिक्षण के तीन चर है

- स्वतन्त्र चर (शिक्षक
- आश्रित चर (छात्र)
- बाह्य या हस्तक्षेप चर (समाज या पाठ्यक्रम)



Scanned with CamScanner